आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 17.06.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राज्य निर्वाचन आयोग ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नई पहल ''हर बूथ एक पौधा'' की शुरूआत की, मतदान केंद्रों को हरित बनाना पहल का लक्ष्य।
- मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू।
- उत्तराखंड में इस वर्ष फायर सीजन में वनाग्नि की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई।
- चंपावत जिले में रन फॉर योगा कार्यक्रम के जरिये आम लोगों को योग के प्रति जागरूक किया गया।

हर बूथ एक पौधा'

उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नई पहल ''हर बूथ एक पौधा'' की शुरुआत की है। इस अभियान का शुभारंभ आज बागेश्वर जिले से हुआ, जहां मतदान केंद्रों को हरित बनाने का संकल्प लिया गया।

अभियान की औपचारिक शुरुआत गाड़गांव प्राइमरी विद्यालय और पूर्व सीएमओ कार्यालय परिसर से हुई, जहां रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन इंद्र सिंह फर्स्वाण, स्वीप टीम के सहायक नोडल अधिकारी आलोक पांडे और वृक्ष पुरुष के नाम से प्रसिद्ध किशन सिंह मलडा ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर इसकी शुरुआत की।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय मतदाता, स्कूली बच्चे और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने न केवल पौधे लगाए, बल्कि उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प भी लिया।

इस मौके पर रेडक्रॉस चेयरमैन इंद्र सिंह फर्स्वाण ने कहा कि हर पौधा एक जीवन है और यह अभियान जीवन के संरक्षण का प्रतीक बन रहा है। उन्होंने इस अभियान को जनांदोलन बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी आलोक पांडे ने कहा कि सभी को लोकतंत्र की मजबूती के साथ–साथ पर्यावरण की रक्षा का भी संकल्प लेना होगा।

मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना आवेदन

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग ने मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना के तहत आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस योजना का उद्देश्य राज्य की मूल निवासी एकल (निराश्रित), परित्यक्ता और विधवा महिलाओं को उनके निवास स्थान पर ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो और जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार हो सके। योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को मांग और आवश्यकता के अनुसार किसी भी क्षेत्र में स्वरोजगार प्रारंभ करने के लिये वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

योजना से संबंधित पात्रता की जानकारी और आवेदन प्रारूप विभाग की वेबसाइट www.wecduk.in पर उपलब्ध है। इच्छुक महिलाएं 31 जुलाई 2025 की शाम 5 बजे तक केवल पंजीकृत डाक के माध्यम से अपने आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में भेज सकती हैं।

बैठक

राज्य निर्वाचन आयोग के संयुक्त सचिव कमलेश मेहता ने नैनीताल जिले के काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में कुमाऊं मंडल के छह जिलों के सहायक निर्वाचन अधिकारियों, जिला सूचना विज्ञान अधिकारियों और प्रशिक्षण प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक के बाद श्री मेहता ने बताया कि आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पारदर्शिता और सुगमता के लिए राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र के सहयोग से एक विशेष सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से इस बार मतदान और मतगणना कार्मिकों की ड्यूटी तय की जाएगी।

उन्होंने बताया कि आमजन के लिए भी यह सॉफ्टवेयर उपयोगी होगा, क्योंकि इसके जरिए प्रत्येक बूथ की निर्वाचक नामावलियों को डाउनलोड कर अवलोकन किया जा सकेगा। साथ ही पंचायत निर्वाचन के परिणाम भी जनसाधारण के लिए इसी माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे।

वनाग्नि घटना कमी

उत्तराखंड के जंगलों से इस बार राहतभरी खबर है। जहां हर साल गर्मियों में जंगल की आग चिंता का कारण बनती थी, वहीं इस साल वन विभाग की सटीक रणनीति, जागरूकता अभियानों और तकनीक के बेहतर इस्तेमाल से जंगलों को आग से काफी हद तक बचाया गया है। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार वनाग्नि की घटनाओं में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है।

अपर प्रमुख वन संरक्षक निशांत वर्मा के अनुसार, वर्ष 2025 में अब तक केवल 216 वनाग्नि की घटनाएं सामने आई हैं, जिनसे 234 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ। जबकि 2024 में ये आंकड़ा एक हजार दो सौ से अधिक घटनाओं और एक हजार सात सौ हेक्टेयर से अधिक तक था।

रन फॉर योगा—कांउटडाउन कार्यक्रम

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले प्रदेश में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में चंपावत जिले में रन फॉर योगा का आयोजन किया गया। आयुष विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस लाइन से गोरलचौड़ मैदान तक की गई दौड़ से हुई, जिसे जिलाधिकारी नवनीत पाण्डेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ में स्कूली बच्चों, युवाओं, स्थानीय नागरिकों, अधिकारियों, पुलिस बल व एसएसबी के जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया।

जिलाधिकारी नवनीत पाण्डेय ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व जिले में बीते डेढ़ माह से विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से योग के प्रति जन–जागरूकता फैलाई जा रही है। उन्होंने योग को अनुशासन और निरंतरता का प्रतीक बताया और सभी नागरिकों से 21 जून को योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की।

रन फॉर योगा जैसी पहलें न सिर्फ योग दिवस की तैयारी को गति देती हैं, बल्कि समाज को स्वस्थ और जागरूक बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

<u>मौसम</u>

उत्तराखंड में अगले एक सप्ताह तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने आगामी सात दिनों तक राज्य के अधिकतर जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। वहीं कुछ जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी भी जारी की गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार, 23 जून तक विभिन्न हिस्सों में वर्षा का दौर जारी रहेगा। इस दौरान नैनीताल, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और देहरादून जिलों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। इसके साथ ही कई इलाकों में तेज हवाएं चलने की भी संभावना जताई गई है। विशेष रूप से 18 से 21 जून तक कुछ जिलों में भारी बारिश का प्रभाव देखने को मिल सकता है।

राज्य में अधिकतम तापमान अगले कुछ दिनों तक सामान्य बना रहेगा, लेकिन बाद में इसमें गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतें और अनावश्यक यात्रा से बचें।

<u>विशेष साप्ताहिक रेलगाड़ी</u>

नैनीताल जिले के लालकुआँ और उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के बीच यात्रियों की सुविधा के लिए 19 जून से विशेष साप्ताहिक रेलगाड़ी का संचालन शुरू किया जा रहा है। यह ट्रेन कुल सात फेरों के लिये चलेगी और इसका संचालन पहली अगस्त तक जारी रहेगा।

प्रयागराज से यह ट्रेन हर गुरुवार को दोपहर साढे ग्यारह बजे रवाना होगी और अगले दिन दोपहर पौने एक बजे लालकुआँ पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन हर शुक्रवार को दोपहर दो बजकर पचास मिनट पर लालकुआँ से चलकर शनिवार सुबह साढे चार बजे प्रयागराज पहुंचेगी।

इस विशेष रेलगाड़ी में वातानुकूलित प्रथम एवं तृतीय श्रेणी के साथ–साथ शयनयान और सामान्य श्रेणी के कुल 16 कोच लगाए जाएंगे, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।